कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-28.09.2024

विषयः- कुल 630 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त विकास राजभर को थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त विकास राजभर पुत्र राम किशुन राजभर निवासी- तिरनई मौलाराय पो0-महरी थाना भीमपुरा जनपद बलिया को दिनांक-27.09.2024 को समय करीब 17.40 बजे मुस्तफाबाद क्षेत्र में स्थित भांग की दुकान थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी से कुल 630 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 0635/2024 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त विकास राजभर ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं इस भांग की दुकान पर सेल्स मैन का कार्य करता हूं व अवैध रुप से अपने दुकान मालिक विश्वामित्र सिंह द्वारा अपने भतीजे राजन सिंह से भिजवाये गये अवैध गांजे को छोटी-छोटी प्लास्टिक की पुडिया में पैक करके फुटकर तरीके से बेचता हूं, जिसका आर्थिक लाभ दुकान मालिक द्वारा मुझे भी दिया जाता है और आज भी दुकान मालिक द्वारा राजन सिंह के हाथ से भिजवाये गये गांजे को ग्राहकों को बेच रहा था कि आप लोगो ने मुझे पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

विकास राजभर पुत्र राम किशुन राजभर निवासी- तिरनई मौलाराय पो0-महरी थाना भीमपुरा जनपद बलिया, उम्र करीब 32 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- मुस्तफाबाद क्षेत्र में स्थित भांग की दुकान थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी से, दिनांक 27.09.2024 समय 17.40 बजे।

बरामदगी का विवरण- कुल 630 ग्राम नाजायज गांजा बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 0635/2024 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ़्तारी/बरामदगी करने वाली टीम का विवरणः-

1. प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 प्रदीप सिंह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 कुँवर दिलीप सिंह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 अजीत सिंह यादव थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।